# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ...................                                                    दिनांक ..............

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष,
   विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. सभी प्रधानाचार्य,
   (स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय),
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः–स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– (2025–27) में नामांकन के संबंध में।**

**महाशय / महाशया,**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2025–27 मे नामांकन हेतु चयन सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय के वेबसाईट से यूजर आई–डी एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि चयन सूची से ***दिनांकः– 08.11.2025 से 15.11.2025 तक*** अभ्यर्थियों का आवंटित विभाग / महाविद्यालय में आवश्यक प्रमाण–पत्र के जाँचोपरान्त नामांकन सुनिश्चित किया जाय।

नामांकन से संबंधित अन्य बातें ***पत्रांक– छा0क0– 126 / 25 दिनांक– 20.09.2025*** पत्र के अनुरूप यथावत् रहेंगी।

*नोटः–*

1. ***विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग एवं प्रधानाचार्य, स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय से अनुरोध है कि डैस–बोर्ड से छात्रों की चयन सूची डाउनलोड कर मिलान करते हुए अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे।***
2. ***विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभाग एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, नामांकित अभ्यर्थियों का Dash Board पर प्रतिदिन Update करेंगे। Update करने में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। नामांकित अभ्यर्थियों का महाविद्यालय के डैस–बोर्ड पर Update दिनांक– 17.11.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कर लेंगे। अपडेशन में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो दिनांक– 17.11.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के मेल– dsw@lnmu.ac.in पर अनिवार्य रूप से सूचित करेंगे, इसके उपरान्त अपडेशन संबंधि किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं नामांकन के उपरान्त रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।***

3. *राज्य सरकार के दिशा–निर्देश* के आलोक में सभी कोटि की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं से नामांकन संबंधी शुल्क नहीं लिया जाना है।

4. *बिहार विधान सभा निर्वाचन– 2025 के द्वितीय चरण का मतदान दिनांक– 11.11.2025 के मधुबनी जिला क्षेत्रों में निर्धारित होने के कारण मधुबनी जिला अन्तर्गत नामांकन प्रक्रिया दिनांक– 11.11.2025 को बंद रहेगी।*

*माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।*

विश्वासभाजन,

ह0/–

(प्रो0 अशोक कुमार मेहता)

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

ज्ञापांकः– छा० क०– 145/25

दिनांकः– 07/11/2025

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **कुलपति के सचिव/कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **जिला नोडल पदाधिकारी,** दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
3. **नोडल पदाधिकारी/आई0टी0 सेल** (विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड हेतु) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **प्रभारी सहायक, स्नातकोत्तर सामान्य शुल्क संग्रह पटल,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
5. **निदेशक**, संबंधित डाटा सेन्टर, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

अशोक 07.11.25

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

7/11/25